**प्रेस नोट**
**थाना बड़ागांव, झाँसी**

**दिनांक 30.09.2025**

- **चोरी की घटना से सम्बन्धित 04 अन्तर्राज्यीय अभियुक्त पुलिस मुठभेड़ में घायल/गरिफ्तार**
- **कब्जे से चोरी का माल, रुपये तथा अवैध असलाह कारतूस बरामद**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के कुशल मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 30.09.2025 को को स्वाट सर्वेलन्स एवं थाना बड़ागांव पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना बड़ागांव क्षेत्र के ग्राम टाकोरी के पास समय करीब 22.30 बजे मुखबिर की सूचना पर मु0अ0स0- 210/2025 धारा 331(4)/305(A) BNS से सम्बन्धित 04 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त 1. राजपाल पुत्र अमर सिंह उम्र करीब 27 वर्ष 2. सोनू पुत्र अमर सिंह उम्र करीब 24 वर्ष निवासीगण ग्राम अतरसुआ थाना मो जिला भिण्ड म0प्र0 3. दीपक बदकारिया पुत्र कृष्ण उम्र करीब 30 वर्ष निवासी गुहीतर थाना मो जिला भिण्ड म0प्र0 गोली लगने से घायल हो गये हैं। अभियुक्त बाल किशन बदकारिया पुत्र राम दास नि0 गुहीतर थाना मो जिला भिण्ड म0प्र0 को मौके से भागते समय गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस मुठभेड़ में घायल तीनों अभियुक्तों को जीवन रक्षा की दृष्टिगत उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया है

गिरफ्तारी/बरामदगी एवं पुलिस मुठभेड़ के सम्बन्ध में थाना बड़गांव में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक 31.08.2025 की रात्रि में श्री बलराम पुत्र हरीराम निवासी स्टेशन रोड पारीक्षा थाना बड़ागांव, जनपद झाँसी के घर में अज्ञात चोरों द्वारा रुपये तथा आभूषण चोरी किये गये थे, जिसके सम्बन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर थाना बड़ागांव में सुसगंत धाराओं में अभियोग पंजीकत किया गया। विवेचना से उपरोक्त अभियुक्तगण प्रकाश में आये, जिन्हे आज पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण –**

1 - राजपाल पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम अतरसुआ थाना मो जिला भिण्ड म0प्र0।
2 - सोनू पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम अतरसुआ थाना मो जिला भिण्ड म0प्र0
3 - दीपक बदकारिया पुत्र कृष्ण निवासी ग्राम गुहीसर थाना मो जिला भिण्ड म0प्र0
4. बाल किशन बदकारिया पुत्र राम दास निवासी ग्राम गुहीसर थाना मो जिला भिण्ड म0प्र0

**बरामदगी का विवरण –**

**1 .** दो जोड़ी सोने के टाप्स
**2.** एक अंगूठी सोने की
**3**. एक जोड़ी पायल चांदी की
**4.** चार बिछुआ चांदी के
**5.** चार चूड़ी चांदी की
**6.** 15 हजार रुपये नकद
**7.** अवैध असलाह व जिन्दा व खोखा कारतूस तथा घटना में प्रयुक्त 02 मोटरसाइकिल।

**गिरफ्तार करने वाली टीम –**

प्रभारी निरीक्षक थाना बड़गांव मय पुलिस टीम
प्रभारी स्वाट एवं सर्वेलन्स मय टीम